छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर–208024
Kalyanpur, Kanpur-208024

पत्रांक–सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सम्ब. / 1217 /2021 दिनांक 13/05/2021

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा अनुभाग–5,
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ।

विषयः–प्रदेश में नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन महाविद्यालय को संबंधित विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत संघटक महाविद्यालय (Consituent College) के रूप में चलाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्याः 121 / सत्तर–5–2021–04 / 2021, दिनांक 15.01.2021, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि प्रदेश में नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन महाविद्यालयों को संबन्धित विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत संघटक महाविद्यालय (Consituent College) के रूप में चलाने के संबंध में है।

उक्त पत्र के क्रम में विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन महाविद्यालयों **1–राजकीय महाविद्यालय, रसूलपुर, रूरी, उन्नाव, 2– राजकीय महाविद्यालय रामसारी, घाटमपुर, कानपुर एवं 3– राजकीय महाविद्यालय, लोटना, पुरवा, उन्नाव** में शैक्षिक सत्र 2021–22 एवं आगामी सत्रों से पाठ्यक्रम / विषय संचालन किये जाने के लिये प्रस्ताव / कार्ययोजना के निर्धारण हेतु समिति का गठन किया गया। गठित समिति द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशों के दृष्टिगत उक्त महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2021–22 एवं आगामी संत्रों से संघटक महाविद्यालय (Consituent College) के रूप में चलाने हेतु पाठ्यक्रम का चयन करते समय बाजार एवं उद्योग की मांग और क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये निम्नांकित पाठ्यक्रमों को संचालित किये जाने की समिति द्वारा अनुशंसा की गयी हैः–

क्रम	पाठ्यक्रम	अभ्युक्ति
1.	स्नातक कला संकाय	अंग्रेजी एवं अर्थशास्त्र सहित अन्य विषय
2.	बी0ए0 (ऑनर्स)	–––

क्रमशः पृष्ठ...2

Scanned by Scanner Go

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर–208024
Kalyanpur, Kanpur-208024

3.	बी0काम0 (ऑनर्स)	----
4.	बी0एससी0 (ऑनर्स)	----
5.	स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय	कम्प्यूटर साइंस रहित अन्य विषय एवं इण्टीग्रेटेड कोर्स एम0एससी0– कम्प्यूटर साइंस।
6.	बी0बी0ए0	----
7.	बी0सी0ए0	----
8.	एम0बी0ए0	----
9.	एम0सी0ए0	----

साथ ही समिति द्वारा उक्त सघंटक महाविद्यालयों को एकेडेमिक ऑटोनॉमी प्रदान करते हुये मॉडल कालेज के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

कृपया उपरोक्त से सादर अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय,

डॉ.(अनिल कुमार यादव)
कुल सचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित पत्रावली।

कुल सचिव

Scanned by Scanner Go